भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 810

26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

दरभंगा में एम्स

810. श्री दिनेश चंद्र यादव:

श्री गिरिधारी यादव:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दरभंगा एम्स की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या बिहार राज्य सरकार ने दरभंगा में एम्स की स्थापना के लिए किसी भूमि की पेशकश की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या केंद्र सरकार ने दरभंगा में एम्स के पूरा होने के लिए कोई समय-सीमा तय की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार के दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को मंजूरी दी है। बिहार सरकार ने अप्रैल 2023 में दरभंगा में एम्स की स्थापना के लिए एकमी शोभन बाईपास, अंचल- बहादुरपुर, मौजा-बलिया, थाना संख्या-120/2 पर स्थित 151 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई थी। परियोजना स्थल की व्यवहार्यता और उपयुक्तता का आकलन करने के लिए आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों की एक केंद्रीय (तकनीकी) टीम गठित की गई थी। उक्त टीम ने 18-19 मार्च 2024 को साइट का निरीक्षण किया है। केंद्रीय तकनीकी टीम की सिफारिशों के आधार पर, उपर्युक्त भूमि दरभंगा में नए एम्स की स्थापना के लिए व्यवहार्य पाई गई है।

*****